QS वर्ल्ड यूनविर्सिटी रैंकगि में भारत की उपलब्धयिाँ

स्रोत: द हिंदू

भारत की उच्च शिक्षा और अनुसंधान परदृिश्य ने विषय के आधार पर QS वर्ल्ड यूनविर्सिटी रैंकिंग में महत्त्वपूर्ण प्रगति दिखाई है, जो वैश्विक शैक्षणिक समुदाय में देश की बढ़ती उपस्थिति को दर्शाता है।

- **IIM-अहमदाबाद, IIM-बैंगलोर और IIM-कलकत्ता को व्यवसाय एवं प्रबंधन के अध्ययन के लिये विश्व स्तर पर शीर्ष 50 संस्थानों में स्थान प्राप्त हुआ है।**
- **जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय** ने विकासात्मक अध्ययन के लिये विश्व स्तर पर 20वाँ स्थान प्राप्त किया, जिससे यह **भारत में सर्वोच्च रैंक वाला विश्वविद्यालय** बन गया।
- चेन्नई में सविता इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एंड टेक्निकल साइंसेज़ ने दंत चिकित्सा अध्ययन के लिये विश्व स्तर पर 24वाँ स्थान प्राप्त किया।
- **भारत विश्व के सबसे तेज़ी से विस्तार करने वाले अनुसंधान केंद्रों में से एक के रूप में उभरा है,** जिसमें 2017 से 2022 तक अनुसंधान के क्षेत्र में 54% की वृद्धि देखी गई है।
    - भारत वैश्विक स्तर पर **अनुसंधान के क्षेत्र में चौथे स्थान पर है** , यानि चीन, अमेरिका और ब्रिटेन से पीछे है, लेकिन अनुसंधान प्रभाव के मामले में 9वें स्थान पर है।
- **संपूर्ण एशिया संदर्भ में भारत विशिष्ट विश्वविद्यालयों की संख्या के मामले में दूसरे स्थान पर है** और रैंक की गई प्रविष्टियों की कुल संख्या में चौथा स्थान रखता है।
- भारत को प्रमुख वैश्विक पत्रिकाओं में उद्धरण हासिल करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, 2017 और 2021 के बीच इसके केवल 15% शोध को शीर्ष स्तरीय पत्रिकाओं में उद्धृत किया गया है।

और पढ़ें: QS वर्ल्ड रैंकिंग 2024

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-s-achievements-in-qs-world-university-rankings